>

Title : Need for six-laning of G.T. Road from Delhi to Lucknow.

श्री अखिलेश यादव (कन्नौज): दिल्ली से कानपुर के लिए सीधा रास्ता जी.टी. रोड़ है। इस मार्ग में कई जिले जैसे - अलीगढ़, एटा, कन्नौज, मैनपुरी आदि पड़ते हैं। वर्तमान जी.टी.रोड पर ट्रैफिक का दबाव इतना ज्यादा रहता है, जिसकी कल्पना भी नहीं की जा सकती। दस किलोमीटर की दूरी तय करने में भी 2 घंटे से अधिक समय लग जाता है। समय चाहे सुबह का हो अथवा दोपहर का, शाम का हो या अर्द्धरात्रि का हो अथवा कोई भी समय हो, इस मार्ग में यात्रियों से भरी बस के जाम में फंसने पर महिलाओं, बच्चों और बूढ़ों की बदतर स्थिति देखते बनती है।

अतः मैं सरकार से मांग करता हूं कि व्यापक लोकहित के इस अत्यंत महत्वपूर्ण विषय पर अविलम्ब ध्यान देते हुए दिल्ली से कानपुर तक के जी.टी. रोड़ को 6 लेन का बनाने का प्रस्ताव मंजूर कर निर्माण कार्य शुरू करायें।